भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1185
उत्तर देने की तारीखः 23 मार्च, 2012

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा विद्यालयों को संबद्धता देना

1185. श्री भरतसिंह प्रभातसिंह परमारः

क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि किन कारणों के तहत विद्यालयों की केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की संबद्धता प्रक्रिया को सरल नहीं बना रहा है जबकि राज्य सरकारें संबंधित विद्यालयों की बुनियादी सुविधाओं और योग्य शिक्षकों का सावधानीपूर्वक सत्यापन करने के बाद विद्यालयों को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की सम्बद्धता के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र को जारी कर रही हैं और इसके बावजूद केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड उसका सत्यापन करने के लिए दुबारा निरीक्षण दलों को भेज रहा है जिससे भ्रष्टाचार पनपेगा और सम्बद्धता प्रक्रिया में विलंब हो सकता है ?

उत्तर
मानव संसाधन विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री
(डा. डी. पुरंदेश्वरी)

संबंधन प्रदान करने की प्रकिया आवेदक अनुकूल तथा पारदर्शी है क्योंकि संबंधन हेतु आवेदनों को आमंत्रित तथा उन पर कार्रवाई ऑनलाइन होती है। संबंधन हेतु आवेदन की स्थिति को केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट www.cbse.nic.in पर अपलोड किया जाता है तथा यह आवेदक को सुलभ है। किसी स्कूल को संबंधन प्रदान करने से पूर्व संबंधन उप–नियमों के निबंधन एवं शर्तों को सुनिश्चित करने के लिए संबंधन उप–नियमों के अनुसार जांच की जाती है।

***